__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date- Class - V

Subject - Hindi Language Page-1

Subject - Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - भाषा किरण

वचन

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

यह पाठ 'वचन' कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। आज इस पाठ में हम 'वचन' शब्दों के बारे में पढ़ेंगे।

बच्चो! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं समझें।

1. नदी बहती है। 2. नदियाँ बहती हैं।
3. मैं घूमने गया। 4. हम घूमने गए।
5. लड़की जाती है। 6. लड़कियाँ जाती हैं।

बच्चो! इन वाक्यों में 'नदी', 'मैं' और लड़की शब्द से एक संख्या का तथा 'नदियाँ', 'हम' और 'लड़कियाँ' शब्द से एक से अधिक संख्याओं का बोध हो रहा है।

इस प्रकार -

बच्चो! संज्ञा के जिस रूप से उसकी संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं।

⇒ वचन के दो भेद होते हैं।

- एक वचन
- बहु वचन

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date-　　　　　　　　　　Class- V
Subject- Hindi Language　　　　Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

- एक वचन – बच्चो संज्ञा के जिस रूप से एक ही वस्तु का बोध होता है, उसे 'एक वचन' कहते हैं।
  जैसे :- लड़का, कपड़ा, टोपी, घड़ी, गेंद आदि।
- बहु वचन – संज्ञा के जिस रूप से एक से अधिक वस्तुओं का बोध होता है, उसे 'बहुवचन' कहते हैं।
  जैसे :- लड़के, कपड़े, टोपियाँ, घड़ियाँ, गेंदे आदि।

इस प्रकार बच्चो हमने यहाँ तक समझा कि शब्दों के जिस रूप से उनके एक या अनेक संख्या में होने का बोध होता है, उन्हें 'वचन' कहते हैं।

अब हम कुछ 'वचन' शब्द करेंगे, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

| | एक वचन | बहु वचन |
|---|---|---|
| 1. | ताला | ताले |
| 2. | कमरा | कमरे |
| 3. | गाना | गाने |
| 4. | पंखा | पंखे |
| 5. | गाय | गायें |
| 6. | आँख | आँखें |

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -  Class - V

Subject - Hindi Language  Page - 3

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 7 | दुकान | दुकानें |
| 8 | ख़बर | ख़बरें |
| 9 | माला | मालाएँ |
| 10 | कन्या | कन्याएँ |
| 11 | कविता | कविताएँ |
| 12 | साड़ी | साड़ियाँ |
| 13 | टहनी | टहनियाँ |
| 14 | झाड़ी | झाड़ियाँ |
| 15 | चिड़िया | चिड़ियाँ |
| 16 | डिबिया | डिबियाँ |
| 17 | दर्शक | दर्शकगण |
| 18 | श्रोता | श्रोतागण |
| 19 | अध्यापक | अध्यापकगण |
| 20 | कवि | कविगण |

सहकार्य :- विद्यार्थी इन वचन बदलो को अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका मे लिखेंगे।

Last page.

Scanned with CamScanner